कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

फोन नं. 0771–2263412, Email- highereducation.cg.gov.in, slqaccg@gmail.com

क्र/....111...../आउशि/ गु.प्र./2021 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 25/09/2021

प्रति,

क्षेत्रीय अपर संचालक,
रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, दुर्ग एवं बस्तर संभाग,
उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़।

विषय :– राज्य स्तरीय केन्द्रीकृत ऑनलाइन कक्षाओं के संबंध में।

संदर्भ :– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्र. एफ 3–90/2020/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 26.07.2021

---00---

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देश के तारतम्य में छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संदर्भित आदेश के अनुसार समस्त महाविद्यालयों में कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति में कक्षाएँ प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसमे विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं थी। स्नातक स्तर की कक्षाओं का पाठ्यक्रम निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराने समानंतर रूप से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केन्द्रीकृत ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन बी.ए., बी.काम एवं बीएस.सी में प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु संभाग स्तर पर 05 अक्टूबर 2021 से किया जा रहा है :–

क्र	संभाग	महाविद्यालय का नाम	कक्षा
1	रायपुर (संभाग के सभी जिले) एवं बस्तर (नारायणपुर एवं कांकेर जिले को छोड़कर)	राज्य परियोजना कार्यालय रूसा, शासकीय नागाजुर्न विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर रायपुर	कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष
		शासकीय नागाजुर्न विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर	विज्ञान संकाय स्नातक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष
		शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर	कला संकाय स्नातक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष
		शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर	वाणिज्य संकाय स्नातक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष
2	दुर्ग संभाग एवं कांकेर तथा नारायणपुर	शासकीय व्ही.वाय.टी. स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग	विज्ञान संकाय स्नातक कला संकाय स्नातक
		शासकीय वा.वा पाटनकर कन्या महाविद्यालय, दुग	वाणिज्य संकाय स्नातक
3	बिलासपुर	शासकीय ई. राघेवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर	विज्ञान संकाय स्नातक
		शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर	कला संकाय स्नातक
		शासकीय जे.पी. वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर	वाणिज्य संकाय स्नातक
4	सरगुजा	राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर	विज्ञान संकाय स्नातक कला संकाय स्नातक
		शासकीय राजमोहनी देवी कन्या महाविद्यालय, अंबिकापुर	वाणिज्य संकाय स्नातक

25/9

2. स्नातकोत्तर स्तर की अध्यापन व्यवस्था स्थानीय परिस्थिति के आधार पर संस्था स्तर से ही आफलाइन/ऑनलाइन दोनों माध्यम से की जाएगी ।
3. केन्द्रीयकृत ऑनलाइन कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु डॉ. एच.पी.खैरवार, अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर राज्य नोडल अधिकारी, डॉ जी.ए. घनश्याम, ओएसडी उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर एवं डॉ. वेणुगोपाल सहायक संचालक, रूसा, सहायक नोडल अधिकारी होंगे। सभी संभागीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, संभाग स्तर के नोडल अधिकारी होंगे।
4. समस्त प्राचार्य अपने महाविद्यालयों में एक ऑनलाइन कक्षा प्रभारी नियुक्त करेंगे जो महाविद्यालय में स्नातक स्तर में प्रवेशित विद्यार्थियों की hecgonline app में लॉग इन करने के लिए User ID एवं Password निर्मित कर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे। सभी विद्यार्थियों को User ID एवं Password उपलब्धता सुनिश्चित कराने की जिम्मेवारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।
5. ऑनलाइन कक्षाओं की समय–सारणी संबंधित संभाग द्वारा बनाकर अपने संभाग के महाविद्यालयों को एक माह पूर्व ई–मेल के माध्यम से सभी महाविद्यालयों को प्रेषित की जाएगी जो hecgonline app पर भी उपलब्ध रहेंगी।
6. विद्यार्थियों की कक्षाओं में उपस्थिति कक्षा के पश्चात् कक्षावार एवं विषयवार निकालकर संबंधित क्षेत्रीय, अपर संचालक द्वारा महाविद्यालय को प्रेषित किया जाएगा।
7. सभी विद्यार्थियों की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन उपस्थिति विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशानुसार 75 प्रतिशत से कम नही होनी चाहिए। निर्धारित प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर वार्षिक परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी।

25/9

(श्रीमती शारदा वर्मा)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ क्र. 112 /आउशि/गु.प्र./2021 अटल नगर, रायपुर दिनांक 25/09/2021

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर(छ.ग.)।
2. अपर संचालक राज्य परियोजना कार्यालय, रूसा शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर रायपुर(छ.ग.)
3. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा(छ.ग.)
4. प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) ।
5. शासकीय जे.यो.छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर(छ.ग.) ।
6. शासकीय दू.ब. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर(छ.ग.)।
7. ....संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

25/9
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)